रक्षा मंत्रालय द्वारा विज्ञापनों पर व्यय की गई धनराशि

3133. श्री मोहम्मद उफजल उर्फ भीम अफजल: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1992-93 और 1993-94 के दौरान रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत सभी विभागों द्वारा विज्ञापनों पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) जिन समाचार-पत्रों को विज्ञापन दिये गये थे उनका भाषा-वार ब्यौरा क्या है?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) और (ख) रक्षा मंत्रालय के विज्ञापन सामान्यतया सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन दृश्य/श्रव्य प्रचार निदेशालय के माध्यम से दिये जाते हैं। दृश्य-श्रव्य प्रचार निदेशालय ने वर्ष 1992-93 के दौरान 3,89,86,242 रुपए तथा वर्ष 1993-94 के दौरान 3,54,54,259 रुपए के विज्ञापन इस मंत्रालय की ओर से जारी किये। इनका भाषावार ब्यौरा इस प्रकार है:-

(राशि रुपयों में)

क्रम सं.	समाचार पत्र की भाषा	1992-93	1993-94
1.	अंग्रेजी	18553203.00	18357005.00
2.	हिन्दी	9660993.00	7914891.00
3.	उर्दू	1026288.00	621554.00
4.	पंजाबी	757495.00	498344.00
5.	मराठी	1811874.00	1885912.00
6.	गुजराती	1043160.00	782349.00
7.	सिन्धी	20467.00	4114.00
8.	असमिया	259775.00	225163.00
9.	बंगाली	2199191.00	1940281.00
10.	उड़िया	425857.00	375780.00
11.	तमिल	1059638.00	1077820.00
12.	तेलुगू	509973.00	474943.00
13.	मलयालम	1146584.00	900782.00
14.	कन्नड़	511298.00	395321.00
15.	नेपाली	116.00	
16.	मिजो	330.00	
	कुल	38986242.00	35454259.00

कुछ विज्ञापन रक्षा मंत्रालय के अधीन विभिन्न विभागों द्वारा सीधे ही जारी किये गये। फिर भी ऐसे सीधे जारी किये गए विज्ञापनों पर हुआ व्यय (1992-93 और 1993-94 दोनों वर्षों में लगभग 30 लाख रुपए) दृश्य-श्रव्य प्रचार निदेशालय द्वारा जारी किये गये विज्ञापनों पर हुये व्यय की तुलना में कम है।

Upgradation of MIG-21 BIS Fishbed-N Fleet

3134. SHRI VIREN J. SHAH:
SHRI PRAMOD MAHAJAN:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state: